प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 09.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर राज्य के सभी स्कूलों में तैयारी पूरी, कल राज्य के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के शिक्षक और छात्र जुड़ेंगे कार्यक्रम से।

2. बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित एग्रोटेक किसान मेला में आज महिला कृषक गोष्ठी का होगा आयोजन, कृषि मंत्री होंगी शामिल।

3. झारखंड में कल से फिर मौसम में होगा बदलाव, मौसम विभाग ने अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की जताई संभावना।

और

4. सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने आज कोल इंडिया रांची मैराथन–2025 का किया आयोजन, प्रसिद्ध मुक्केबाज मेरी कॉम भी हुई शामिल।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा कल सुबह 11 बजे होगी। इसे लेकर झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना के प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद दिव्येंदु तिग्गा ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला शिक्षा अधीक्षकों को निर्देश जारी किया है। सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के कक्षा 6 से 12 तक के छात्र–छात्राएं, शिक्षकों के साथ इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे। यह भी निर्देश दिया गया है कि स्कूलों में आईसीटी, स्मार्ट क्लास या अन्य माध्यमों से ऑनलाइन संबोधन सुनने की व्यवस्था सभी स्कूल करे।

रामगढ़ जिले की जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि सभी स्कूलों को कार्यक्रम में जुड़ने का निर्देष दे दिया गया है।

*********************

देवघर जिले में 11 फरवरी से शुरू हो रही मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

*********************

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित एग्रोटेक किसान मेला में आज महिला कृषक गोष्ठी का आयोजन होगा। इस मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में पशु पक्षी प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो भी उपस्थित रहेंगे।

*********************

एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटि पूणे की ओर से आयोजित 14 वें नेशनल कॉन्क्लेव भारतीय छात्र संसद कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए जाने माने वक्ता विभिन्न मुददों पर चर्चा कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विधायिका का कार्य कानून बनाना है। परन्तु विधेयकों पर कम चर्चा होना चिंताजनक है।

*********************

रक्षा मंत्रालय ने नौसेना के लिए 11 गश्ती जहाज और 3 प्रशिक्षण पोत उपलब्ध कराने के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते के तहत ई.ओ.एन–51 नामक ऑप्टिकल फाइबर नियंत्रण प्रणाली की ख़रीद की जाएगी जिससे तलाश अभियान चलाने और लक्ष्यों की खोज में मदद मिलेगी। इस समझौते से तीन वर्ष के लिए रोज़गार के अवसर सृजित होंगे। इससे रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के सरकार के प्रयासों को भी बल मिलेगा।

*********************

रामगढ़ जिले में उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर जिले के सभी अंचलों में दाखिल–खारिज से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए विशेष राजस्व शिविर लगाया गया। उपायुक्त ने बताया कि जिले के विभिन्न अंचलों में बिना आपत्ति वाले 30 दिन और आपत्ति वाले 90 दिन तक के 10 डिसमिल तक के मामलों के निपटारे के लिए शिविर आयोजित किया गया। जिलेभर में छह सौ चौतीस दाखिल–खारिज मामलों की पहचान हुई। इनमें से पांच सौ सताईस मामलों का निपटारा किया गया। तीन सौ चौरानबे शुद्धि पत्र जारी हुए। 133 आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए।

*********************

खूंटी जिले के उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह ने खूंटी सदर प्रखंड के बिरहु पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित विलेज हेल्थ, सैनिटेशन एंड न्यूट्रिशन डे का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पोषण सेवाओं को प्रभावी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

*********************

चतरा जिले के इटखोरी में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है।

*********************

एनटीपीसी केरेडारी कोल माइनिंग परियोजना ने सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत पर्यावरण संरक्षण और सतत कृषि को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया। परियोजना प्रभावित गांव मनातू, तरहेसा, उरदा, बेंगवारी, बालदेवरी और लोचर में 1000 फलदार पौधों का वितरण किया गया। इनमें आम, शरीफा, नींबू, अमरूद और लीची के पौधे शामिल हैं। ये पौधे आने वाले वर्षों में किसानों और ग्रामीणों के लिए आय का नया स्रोत बनेंगे। परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद ने कहा कि यह पहल हरित आवरण बढ़ाने के साथ किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगी।

*********************

कुंभ स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को रांची से प्रयागराज के लिए सीधी विमान सेवा मिलेगी। एयरपोर्ट प्रबंधन ने बताया कि इंडिगो 17 से 28 फरवरी तक सप्ताह में तीन दिन प्रयागराज के लिए उड़ान भरेगी। डीजीसीए ने इसकी अनुमति दे दी है। विमान सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलेगा। यह विमान प्रयागराज से सुबह 10 बजकर 20 मिनट पर उड़ान भरेगा और साढ़े ग्यारह बजे रांची पहुंचेगा। वापसी में रांची से दोपहर 12 बजे उड़ान भरेगा और 1 बजकर 10 मिनट पर प्रयागराज पहुंचेगा।

*********************

झारखंड में कल से मौसम फिर बदल सकता है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी संभव है। सुबह में हल्का धुंध रहेगा। दिन चढ़ने के साथ तेज धूप परेशान कर सकती है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया है कि फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है।

*********************

कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने आज कोल इंडिया रांची मैराथन–2025 का आयोजन किया। मोरहाबादी के बिरसा मुण्डा फुटबाल स्टेडियम में आयोजित मैराथन में देश भर से आए धावकों ने हिस्सा लिया। यह मैराथन हर साल आयोजित होती है। मैराथन में कुल 35 लाख 10 हजार रुपए की पुरस्कार राशि रखी गई थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध मुक्केबाज मेरी कॉम भी शामिल हुईं। इस अवसर पर कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।